

# आम नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

## कलेक्टर-एसपी ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 3 जून, जिले में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने, यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाने तथा सार्वजनिक स्थलों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से कलेक्टर संजय कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन ने संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बस स्टैंड, प्रमुख चौराहों एवं यातायात प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. कलेक्टर श्री जैन ने पुराने एवं नए बस स्टैंड का निरीक्षण करते हुए वहां उपलब्ध यात्री सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल उपलब्धता तथा समग्र व्यवस्थाओं की समीक्षा की. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बस स्टैंड परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, यात्रियों के लिए पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित विभागों को ऐसे भवनों को चिन्हित कर नियमानुसार सुरक्षित तरीके से हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जर्जर संरचनाएं यात्रियों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती हैं, इसलिए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. हनुमना स्थित मोटवा चौराहे के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जेब्रा क्रॉसिंग निर्माण, लेफ्ट टर्न की सुविधा विकसित करने तथा साइनेज बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि पैदल यात्रियों की सुरक्षा तथा सुचारू यातायात संचालन के लिए इन व्यवस्थाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए. निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कराने के साथ-साथ सड़कों का इंफ्रास्ट्रक्चर दुरुस्त होना अनिवार्य है. निरीक्षण के दौरान एसडीम मऊगंज एपी द्विवेदी, एसडीएम हनुमना मौजूद रहे.



### स्पीड ब्रेकर एवं साइनेज बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए

शहर में बढ़ते यातायात दबाव एवं सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं एसपी ने अस्पताल चौराहा तथा बरहटा मोड़ का भी निरीक्षण किया. इस दौरान निर्माण एजेंसी को तत्काल प्रभाव से स्पीड ब्रेकर एवं आवश्यक साइनेज बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए गए, ताकि वाहन चालकों को मार्ग संबंधी जानकारी समय पर प्राप्त हो सके और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो. इसी क्रम में बारांव मोड़ का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने लेफ्ट टर्न व्यवस्था को व्यवस्थित करने, सड़क सुरक्षा मानकों के अनुरूप स्पीड ब्रेकर बनाने तथा आवश्यक चेतावनी एवं दिशा-सूचक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए.



# गुढ़ तहसील के सर्वेयरों ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 3 जून, जिले की गुढ़ तहसील के स्थानीय स्तर पर कार्यरत सर्वेयरों ने एकजुट होकर तहसील कार्यालय पहुँचकर अपनी नौकरी और आजीविका की सुरक्षा को लेकर नायब तहसीलदार महिमा पाठक को एक ज्ञापन सौंपा.**

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने शासन की वर्तमान नीति के प्रति अपनी चिंताएं व्यक्त कीं और प्रशासन से उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की अपील की. जानकारी के अनुसार शासन द्वारा हाल ही में एक नई गाइडलाइन जारी की गई है. इस नियम के तहत हर नए सत्र के साथ पुराने सर्वेयरों के स्थान पर नए सर्वेयरों को रखने का प्रावधान किया गया है. शासन के इस निर्णय से वर्तमान में कार्यरत पुराने सर्वेयरों के सामने रोजगार का गहरा संकट खड़ा हो गया है. नायब तहसीलदार महिमा पाठक को सौंपे गए ज्ञापन में सर्वेयरों ने स्पष्ट रूप से मांग की है कि वर्तमान में कार्य कर रहे सभी सर्वेयरों को उनके पदों पर यथास्थिति बनाए रखा जाए. नए सत्र में नए लोगों की भर्ती करने के बजाय पहले से अनुभवी और प्रशिक्षित सर्वेयरों की सेवाओं को ही जारी रखा जाए ताकि तकनीकी कार्यों में भी कोई बाधा न आए. इस दौरान बड़ी संख्या में गुढ़ तहसील के अनुभवी सर्वेयर उपस्थित रहे. जिन्होंने रोजगार की रक्षा करने की गुहार लगाई.

# भाजपा मंडल गुढ़ की कामकाजी बैठक आज

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 3 जून, भारतीय जनता पार्टी गुढ़ मंडल की कामकाजी बैठक का आयोजन 04 जून गुरुवार को दोपहर 04:00 बजे श्री भागवत पैलेस गुढ़ में किया जाएगा.**

बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी. बैठक में मंडल पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, शक्ति केंद्र संयोजक एवं सह-संयोजक, मंडल के सभी मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित मई माह में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के संयोजक एवं सह-संयोजकों को आमंत्रित किया गया है. मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं से समय पर उपस्थित होकर संगठन को मजबूत बनाने में सहभागिता निभाने की अपील की है.

# जिले में 12 से 18 तक लगेंगे जनकल्याण शिविर

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 3 जून, जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से 21 जून विश्व योग दिवस तक विशेष अभियान चलाए जाएंगे.**

कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष आयोजन करके एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधे रोपित किए जाएंगे. पौधेरोपण के दौरान मुख्य रूप से पीपल, आम, बरगद, नीम आदि के पौधों का रोपण होगा. सभी ग्राम पंचायतों में पौधारोपण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इसके साथ-साथ जल स्त्रोतों की सफाई, कार्यालय भवन तथा परिसरों की साफ-सफाई एवं प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे. जिले में 12 जून से 18 जून तक विकासखण्ड मुख्यालयों तथा नगरीय निकाय के मुख्यालयों में जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे. प्रत्येक शिविर तीन दिवसीय होगा. इन शिविरों में योजनाओं के छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का विभागवार पंजीयन किया जाएगा.

# कलेक्टर ने किया पौधरोपण, रोपा आम का पौधा

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 3 जून, पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर संजय कुमार जैन ने आवास में वृक्षारोपण किया. इस अवसर पर उन्होंने फलदार पौधों की श्रृंखला में आम का पौधा रोपा.**



पौधरोपण के उपरांत कलेक्टर ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है. पेड़ न केवल हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण भी तैयार करते हैं. कलेक्टर ने आम जनमानस से भी अपील की है कि वे अपने जीवन के विशेष अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसके वृक्ष बनने तक उसकी पूरी जिम्मेदारी लें. इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे.

# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 30 मरीजों का हुआ स्वास्थ परीक्षण

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 3 जून, इंजी.( स्मृति शेष ) संजय गुप्ता की याद में गठित समिति श्री संजय गुप्ता स्मृति सेवा संस्थान गुढ़ द्वारा माह की प्रत्येक तीन तारीख को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व उपलब्ध दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया जाता है.**

इसी तारतम्य में 30वाँ नि:शुल्क शिविर 03 जून दिन बुधवार को स्वामी विवेकानंद क्लीनिक गुढ़ में 30 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण ,जांच और नि:शुल्क दवाईयों का वितरण किया गया. स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. बृजेश कुमार गुप्ता,डॉ. आरती गुप्ता,डॉ. आकांक्षा गुप्ता एवं डॉ.साक्षी गुप्ता द्वारा किया गया. अगला नि:शुल्क शिविर जुलाई 26 को आयोजित किया जाएगा. जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगो से पहुंचकर शिविर का लाभ लेने की अपील की गई है.



जनसुनवाई में आवेदकों की समस्यायें सुनते कलेक्टर संजय कुमार जैन

# हनुमना तहसील में 34 वर्ष सेवा देने के बाद राजमणि हुए सेवानिवृत

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 3 जून, अपने सरल स्वभाव एवं कार्य के प्रति निष्ठा रखने वाले तहसील हनुमना के बड़े बाबू राजमणि कोल हनुमना तहसील कार्यालय में 34 वर्ष सेवा देने के बाद 031 मार्च 2026 को सेवानिवृत्ति हुए.**

जिनके सम्मान में 1 जून को तहसील कार्यालय में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने विदाई समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्ति कर्मचारी का सम्मान किये. सेवानिवृत्ति होने के बाद आगामी जीवन स्वस्थ एवं अच्छे से व्यतीत हो इसकी शुभकामनाएं दिए, विदाई समारोह में सर्वप्रथम सेवानिवृत्ति कर्मचारी राजमणि बाबू का तहसीलदार शिवम कुमार गौतम, नायब तहसीलदार बुद्धसेन माझी पहाड़ी सर्कल, नायब तहसीलदार राघवेंद्र सिंह पिपराही सर्किल ने साल श्रीफल एवं माल्यार्पण कर स्वागत किये, साथ ही कई पटवारी एवं स्टाफ ने भी क्रमश:माल्यार्पण कर स्वागत किये सबसे बड़ी बात यह थी कि सेवानिवृत्ति सहायक ग्रेड 3 कर्मचारी राजमणि बाबू के सर्विस की जॉइनिंग हनुमना तहसील कार्यालय एवं सेवानिवृत्ति भी उसी ऑफिस से हुए जहां पर लगातार 34 वर्ष की एक ही जगह सेवा दिए. इस अवसर पर तहसीलदार शिवम गौतम, नायब तहसीलदार बुद्ध सेन माझी पहाड़ी सर्किल, नायब तहसीलदार राघवेंद्र सिंह पिपराही सर्किल, कंप्यूटर ऑपरेटर रजनीश कुमार आदिवासी, अशोक प्रताप सिंह मौजूद रहे.

# जनसुनवाई में सार्वजनिक हैण्डपंप को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की

## कलेक्टर संजय कुमार जैन ने 112 आवेदकों की समस्यायें सुनी, कार्यवाही करने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 3 जून, जिला स्तर पर आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने 112 आवेदकों की समस्यायें सुनी तथा विभागीय अधिकारियों को संबंधित आवेदनों पर समाधानकारक कार्यवाही करने के निर्देश दिये.**

उन्होंने इस दौरान भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को भी सुना. कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित जनसुनवाई में छिउरिहा ग्राम के निवासियों ने सार्वजनिक हैण्डपंप को केशव प्रसाद पाण्डेय द्वारा व्यक्तिगत उपयोग करने की शिकायत करते हुए इसे सार्वजनिक उपयोग के लिए सुलभ कराने की मांग की. कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री पीएचई को निर्देश दिये कि तत्काल हैण्डपंप को अतिक्रमण मुक्त करायें.

जनसुनवाई में मोहम्मद मुस्ताक द्वारा आवास दिलाये जाने की मांग की कलेक्टर ने तहसीलदार को परीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये. दुवगवां कुर्मियान के उमेश गुप्ता द्वारा ईकेवाइसी की आईडी को हटाने का आवेदन दिया गया. कलेक्टर ने तहसीलदार को तत्काल प्रकरण में निराकरण करने हेतु निर्देशित किया. रामरूप भारती छुहिया के सीमांकन के आवेदन पर नायब तहसीलदार सीतापुर को, कुंदनपुरवा मस्जिद के पीछे सड़क निर्माण के आवेदन पर सीएमओ नगर पंचायत मऊगंज को तथा श्यामकरण सिंह के सीमांकन के आवेदन पर नायब तहसीलदार देवतालाब को कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर ने निर्देश दिये.

इसी प्रकार बिहारीलाल गुप्ता के मकान निर्माण पर रोक लगाये जाने के आवेदन पर नायब तहसीलदार सीतापुर तथा जगन्नाथ पाल हाटा के सीमांकन के आवेदन पर नायब तहसीलदार को सीमांकन कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिये.

# जन परामर्श बैठक 10 को

मऊगंज, 3 जून, समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य कानूनविद अनूप नायर की अध्यक्षता में जन परामर्श बैठक 10 जून को सुबह 10.30 बजे रीवा में आयोजित की गई है. मऊगंज जिले के समस्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों, बारकाउसिल, महिला एवं बाल विकास अधिकार संरक्षण से संबंधित गणमान्य व्यक्तियों, शांति समिति के सदस्य, सामाजिक संगठन तथा प्रतिनिधि बैठक में भाग लेंगे.

# ग्राम पंचायत हर्दी न .1 में बिना कार्य कराए राशि आहरण का मामला उजागर

## भौतिक एवं तकनीकी जांच करें और जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट जमा करें

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 3 जून, जिले के जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत हर्दी न.1 में वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला सामने आया है. हाल ही में समाचार पत्रो द्वारा इस पूरे घोटाले को प्रमुखता से उजागर किया गया था जिसके बाद से ही प्रशासनिक अमले में खलबली मची हुई है.**

समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद विगत 1 जून को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा के कार्यालय में एक औपचारिक शिकायती आवेदन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की गई थी. शिकायत को बेहद गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत रीवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने तत्काल एक्शन लिया. उन्होंने रायपुर कर्चुलियान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आधिकारिक पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि पूरे मामले की 7 दिन के भीतर निष्पक्ष जांच कराकर विस्तृत रिपोर्ट जिला पंचायत कार्यालय को सौंपी जाए. जिला पंचायत से मिले निर्देशों के बाद जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप दुबे ने बिना किसी देरी के दो सदस्यीय विशेष जांच टीम का गठन कर दिया है. इस जांच दल में मुख्य रूप से सहायक यंत्री अनिल तिवारी और उपयंत्री संदीप त्रिपाठी को शामिल किया गया है. जांच टीम को निर्देश दिए गए हैं कि वे शिकायत पत्र में उल्लेखित सभी बिंदुओं की मौके पर जाकर भौतिक एवं तकनीकी जांच करें और जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट जनपद कार्यालय में जमा करें ताकि उसे अंतिम प्रतिवेदन के रूप में जिला पंचायत कार्यालय भेजा जा सके. क्षेत्र में यह चर्चा आम है कि सरपंच पति तुलसी कोल को सत्ताधारी दल के कुछ रसूखदार नेताओं का संरक्षण प्राप्त है और इसी रसूख के बल पर वह लगातार नियमों को ताक पर रखकर मनमानी और भ्रष्टाचार को अंजाम देता आ रहा था. लेकिन जनता के बीच अब यह सवाल उठ रहा है कि जब बड़े बड़े सत्ताधारी नेता खुद पर लगे आरोपों से नहीं बच पा रहे हैं तो वे छोटे जनप्रतिनिधि या उसके पति को कैसे बचा पाएगे.

### क्या है पूरा मामला और आरोप

शिकायत के अनुसार ग्राम पंचायत हर्दी न.1 की सरपंच श्रीमती रामकली कोल के पति तुलसी कोल और पंचायत के सचिव रामगोपाल साकेत की आपसी सांठगांठ से शासकीय धन का भारी दुरुपयोग किया गया है. आरोप है कि पंचायत क्षेत्र में कई ऐसे निर्माण कार्य कागजों पर ही दिखा दिए गए जो धरातल पर कभी शुरू ही नहीं हुए और उन कार्यों के नाम पर लाखों रुपये की राशि का आहरण कर लिया गया. बिना कार्य कराए ही वित्तीय अनियमितता करने के इस गंभीर मामले के उजागर होने के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भी भारी आक्रोश है.

# अभी तक घोषित नहीं हुआ 11 वीं के छात्रों का परीक्षा परिणाम

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 3 जून, स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ( सी एम राइज स्कूल ) चाकघाट में संपन्न हुई 11 वी की परीक्षा का परिणाम अभी तक घोषित नहीं किया गया.**

जबकि यह परीक्षा परिणाम 23 मार्च को ही घोषित हो जाना चाहिए था. पता चला है कि इस परीक्षा केंद्र में परीक्षा देने वाले छात्रों की संस्कृत विषय की उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन हेतु परीक्षा कॉपी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरांव के उच्च माध्यमिक शिक्षक राजकुमार त्रिपाठी को दिया गया था लेकिन उन्होंने न तो उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन किया और नहीं मूल्यांकन प्रपत्र ही संबंधित विद्यालय में जमा किया. जिसके कारण परीक्षा का परिणाम रुका हुआ है. इस मामले में अधिकारियों के द्वारा बार-बार सूचना एवं नोटिस देने के बावजूद भी न तो शिक्षक राजकुमार त्रिपाठी द्वारा संतोष जनक जवाब दिया गया और न ही उत्तर पुस्तिका ही लौटाई गई और न ही अंक पत्र दिया गया. ऐसी स्थिति में छात्रों के सामने गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है कि वे लोग 12वीं में एडमिशन नहीं ले पा रहे हैं और उनका कारण है कि उनका 11वीं का रिजल्ट अभी तक घोषित नहीं हुआ.

वैसे तो मार्च माह में ही 11वीं का रिजल्ट घोषित हो जाना चाहिए था किंतु एक शिक्षक की तानाशाही एवं प्रशासनिक लापरवाही के चलते जून महीने में भी चाकघाट विद्यालय के 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हो सका है.

चाकघाट में संपन्न हुई 11 वीं की परीक्षा में संस्कृत के प्रश्न पत्र की उत्तर पुस्तिका जांचने हेतु संकलन केंद्र त्योंथर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरांव में पदस्थ राजकुमार त्रिपाठी को उत्तर पुस्तिका दी गई थी किंतु उनकी हठधर्मिता एवं तानाशाही रवैया के चलते न तो उन्होंने उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन किया और न ही उन्होंने मूल्यांकन परिणाम (संस्कृत विषय का) संबंधित विद्यालय को भेजा. संस्कृत विषय का मूल्यांकन न होने के कारण चाकघाट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हो. जिससे छात्रों-अभिभावकों आक्रोश है.

# मासिक क्राइम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक सीधी के सख्त निर्देश, आगामी त्योहारों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष फोकस

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 जून। पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के नेतृत्व में आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी में जिले की मासिक क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं पुलिस कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजना निर्धारित की गई।**

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के अपराधों की त्रिवर्षीय तुलनात्मक समीक्षा की गई तथा गंभीर अपराधों के त्वरित निराकरण, महिला एवं बाल सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम, मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई, लंबित प्रकरणों के निष्पादन एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया कि आमजन की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की कार्यवाही परिणाममूलक एवं समयबद्ध होनी चाहिए ।बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**बैठक में दिए गए प्रमुख निर्देश-** गुमशुदा एवं अपहृत बालक-बालिकाओं की शीघ्र तलाश कर सकुशल बरामदगी सुनिश्चित की जाए। गंभीर अपराधों की विवेचना निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। महिला संबंधी गंभीर अपराधों की विवेचना



टीएसएसओ पोर्टल के निर्धारित मानकों के अनुरूप की जाए। आईसीजेएस पोर्टल का नियमित एवं प्रभावी उपयोग कर विभिन्न विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए।

साइबर अपराधों पर तत्काल संज्ञान लेकर पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान की जाए।लंबित चालानों को न्यायालय में प्रस्तुत कर उनकी संख्या न्यूनतम स्तर पर लाई जाए। रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा संदिग्ध एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

आगामी त्यौहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखते हुए शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखी जाए। मादक पदार्थ, अवैध शराब, जुआ-सट्टा, चोरी, गृहभेदन एवं अन्य संगठित अपराधों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही की जाए। मोटर व्हीकल एक्ट के उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयास किए जाएं।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। माइनर एक्ट एवं प्रिवेंटिव एक्शन के अंतर्गत अधिकाधिक प्रभावी कार्यवाही की जाए।